257

**जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत जिलाधिकारी/अध्यक्ष, जिला पेयजल एंव स्वच्छता समिति गाजियाबाद की अध्यक्षता में "जिला पेयजल एंव स्वच्छता समिति गाजियाबाद की दिनांक 05.04.2023 को सम्पन्न बैठक का कार्यवृत्त:-**

सदस्य सचिव द्वारा अवगत कराया गया कि प्रमुख सचिव, उ0प्र0 शासन नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति अनुभाग-1, के शा0सं0 95/छिहत्तर-2020-20 स्वजल/2010 टी0सी0-अ लखनऊ दिनांक 21 जनवरी 2020 के द्वारा पेयजल एंव स्वच्छता विभाग जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जल जीवन मिशन के अन्तर्गत जारी दिशा-निर्देशों के अनुरूप जिला पेयजल एंव स्वच्छता मिशन के संगठनात्मक स्वरूप को और सुदृढ बनाने तथा ग्रामीण पेयजल कार्यकमो के प्रभावी कियान्वयन एंव मूल्यांकन तथा उनके अनुश्रवण हेतु शासनादेश सं0 2211/38-5-2010-20 स्वजल 2010 (टी0सी0अ0) दिनांक 29 नवम्बर 2010 को संशोधित करते हुए जिला पेयजल एंव स्वच्छता समिति का पुर्नगठन किया गया था। शासनादेश द्वारा जिला पेयजल एंव स्वच्छता समिति को जलापूर्ति की योजना की स्वीकृति एंव राज्य पेयजल स्वच्छता मिशन को अग्रसारित करने हेतु अधिकृत किया गया है।

260

जनपद गाजियाबाद की पेयजल योजनाओं की डी0पी0आर0 की स्वीकृति एवं कार्यो की प्रगति हेतु जिलाधिकारी/अध्यक्ष गाजियाबाद की अध्यक्षता में "जिला पेयजल एंव स्वच्छता समिति" गाजियाबाद की बैठक दिनांक 05.04.2023 को आयोजित की गयी, जिसमें निम्नलिखित सदस्यों द्वारा प्रतिभाग किया गयाः-

1. मुख्य विकास अधिकारी, गाजियाबाद-उपाध्यक्ष।
2. जिला विकास अधिकारी, गाजियाबाद-सदस्य।
3. प्रभागीय वनाधिकारी/नामित अधिकारी -सदस्य।
4. जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी-सदस्य।
5. अधिशासी अभियंता, भूगर्भ जल गाजियाबाद -सदस्य।
6. जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, गाजियाबाद -सदस्य।
7. अधिशासी अभियंता, सिचांई विभाग, गाजियाबाद -सदस्य।
8. जिला कृषि अधिकारी, गाजियाबाद -सदस्य।
9. जिला सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी, गाजियाबाद -सदस्य।
10. अधिशासी अभियंता, जल निगम (ग्रामीण) गाजियाबाद -सदस्य सचिव।
11. मैसर्स एल0सी0 इन्फ्रा-टी0सी0ई0एल0 (जे0वी0), के प्रोजेक्ट मैनेजर

सदस्य सचिव द्वारा अवगत कराया गया कि अधिशासी निदेशक राज्य पेयजल एंव स्वच्छता मिशन लखनऊ के पत्रांक 2393/W-22/NIT/2020-21 दिनांक 25.01.2021 के द्वारा मै0 एल0सी0इन्फ्रा-टी0सी0ई0एल0 (जे0वी0), अहमदाबाद को जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद गाजियाबाद की पेयजल योजनाओं की डी0पी0आर0 विरचन एंव पेयजल योजनाओं के निर्माण हेतु अधिकृत किया गया है। राज्य पेयजल एंव स्वच्छता मिशन द्वारा ग्रामीण पेयजल आपूर्ति हेतु चयनित फर्म मै0 एल0सी0इन्फ्रा-टी0सी0ई0एल0 (जे0वी0), अहमदाबाद द्वारा राज्य पेयजल एंव स्वच्छता मिशन तथा जल निगम मुख्यालय द्वारा दिए गए निर्देशानुसार जनपद गाजियाबाद हेतु पत्र संख्या- LC/GZB/ JJM/275 Date:-01-04-2023 के माध्यम से 06 नग डी0पी0आर0 जल निगम कार्यालय में प्रस्तुत की गई है, जिनमे 07 नग राजस्व ग्राम सम्मिलित है। डी0पी0आर0 को राज्य पेयजल एंव स्वच्छता मिशन लखनऊ तथा जल निगम द्वारा समय-समय पर निर्गत विभिन्न तकनीकी गाइड लाइन के अनुरूप जल निगम कार्यालय द्वारा जाँच की गई है। डी0पी0आर0 की कुल लागत में वर्क कॉस्ट, 2 प्रतिशत कन्टीजेन्सी 12.50 प्रतिशत विभागीय सेंन्टेज तथा 18 प्रतिशत जी0एस0टी0 को सम्मिलित किया गया है। राज्य पेयजल एंव स्वच्छता मिशन द्वारा दी गई गाईडलाईन के अनुसार 12.50 प्रतिशित सेंन्टेज के व्यय का भी प्राविधान राज्यांश में किया गया है तथा इसके अतिरिक्त 10 वर्ष हेतु Operation and Maintenance हेतु व्यय कर भी प्राविधान राज्यांश में किया गया है। राज्य पेयजल एंव स्वच्छता मिशन द्वारा दी गई गाइडलाइन के अनुसार Ultimate Design Year के लिये योजना हेतु Per Capita Cost की दर रु 9000.00 निर्धारित की गई है तथा उक्त आंकलन हेतु वर्क कॉस्ट, कन्टीजेन्सी तथा जी0एस0टी0 को लिया गया है।

सदस्य सचिव द्वारा अवगत कराया गया कि राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन लखनऊ द्वारा निर्धारित मानको के अनुसार डी0पी0आर0 में (1) योजना की प्रति व्यक्ति लागत रू0 9000 से कम होनी चाहिए (2) योजना में एकल ग्राम हेतु प्रति गृह संयोजन (FHTC) लागत रू0 35000 से कम होनी चाहिए तथा बहुल ग्राम हेतु प्रति गृह संयोजन (FHTC) लागत रू0 65000 से कम होनी चाहिए (3) प्रति किलोमीटर वितरण प्रणाली की लागत रू0 15.00 लाख से कम होनी चाहिए (4) O.H.T. की क्षमता 25 के गुणांक में होनी चाहिए तथा स्टेजिंग 18 मी0 से अधिक नहीं होनी चाहिए।

(256)

सदस्य सचिव द्वारा अवगत कराया गया कि मैसर्स एल0सी0इन्फ्रा–टी0सी0ई0एल0 (जे0वी0) अहमदाबाद द्वारा प्रस्तुत डी0पी0आर0 का संक्षिप्त विवरण निम्नानुसार है।

| क्र सं | योजना का नाम | ब्लाक का नाम | योजना में सम्मिलित ग्रामों की संख्या | योजना में प्राविधानित FHTC की संख्या | डिजाईन वर्ष 2052 की जनसंख्या | वर्क कॉस्ट (रू0 करोड़) | सैंन्टेज (रू0 करोड़) | कुल लागत (रू0 करोड़) | प्रति व्यक्ति लागत डिजाईन वर्ष 2052 हेतु (रू0) | प्रति FHTC की लागत मानक रू0 35000 एकल ग्राम हेतु तथा रू0 65000 बहुल ग्राम हेतु | प्रति कि0मी0 वितरण प्रणाली की लागत मानक रू0 15 लाख के सापेक्ष |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगला मूसा | भोजपुर | 1 | 527 | 3286 | 1.841 | 0.195 | 2.036 | 5603 | 34933 | 13.87 |
| 2 | झलावा एवं असदपुर नागल | मुरादनगर | 2 | 840 | 5347 | 3.501 | 0.371 | 3.872 | 6548 | 41683 | 14.87 |
| 3 | मुरादग्रामपुर पुर्सी | मुरादनगर | 1 | 1165 | 9763 | 3.735 | 0.386 | 4.121 | 3826 | 32059 | 13.33 |
| 4 | नुसरताबाद खडखडी | लोनी | 1 | 767 | 5699 | 2.679 | 0.284 | 2.963 | 4701 | 34928 | 12.22 |
| 5 | मीरपुर हिन्दु (पुर्नगठन) | लोनी | 1 | 861 | 6202 | 3.003 | 0.318 | 3.321 | 4842 | 34878 | 13.90 |
| 6 | नाहल (पुर्नगठन) | रजापुर | 1 | 2757 | 32309 | 8.533 | 0.904 | 9.437 | 2641 | 30950 | 13.91 |

सदस्य सचिव द्वारा अवगत कराया गया कि उपरोक्त विवरण के अनुसार मैसर्स एल0सी0इन्फ्रा–टी0सी0ई0एल0 (जे0वी0) अहमदाबाद द्वारा प्रस्तुत उपरोक्त समस्त 06 नग डी0पी0आर0 राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन लखनऊ द्वारा निर्धारित विभिन्न मानको के अनुरूप है तथा समस्त 06 नग डी0पी0आर0 (07 नग ग्राम) निर्धारित विभिन्न मानको के अनुरूप कम्पलाईन है।

सदस्य सचिव द्वारा अवगत कराया गया कि उपरोक्त योजनाओं मे से कमांक 1,2,3,4 एवं 5 पर अकिंत 05 नग ग्रामीण पाइप पेयजल योंजनाओं की डी0पी0आर0 की लागत रू0 5.00 करोड से कम होने के कारण शासनादेश संख्या–51/2021/1883/छिहत्तर–1–2021–25सम/2019 दिनांक 06.08.2021 (संलग्नक–घ) के बिन्दु सं0 12 के अनुसार समस्त 05 नग योजनाओं की तकनीकी स्वीकृति मुख्य अभियंता, (मेरठ क्षेत्र), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मेरठ द्वारा प्रदान की गई है। इसके अतिरिक्त कमांक 06 पर अकित योजना की लागत 5.00 करोड से अधिक होने के कारण शासनादेश संख्या–7/2022/430/छिहत्तर–1–2022–25 सम/2019 दिनांक 04.03.2022 (संलग्नक–च) के अनुसार उक्त 01 नग योजना की वैटिग राजकीय महा विद्यालय, आई0ई0टी0, लखनऊ से कराई गई है तथा उक्त 01 नग योजना का परीक्षण राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन लखनऊ के अन्तर्गत गठित प्रकोष्ठ द्वारा किया जायेगा तथा तकनीकी स्वीकृति मुख्य अभियंता/यूनिट कोर्डिनेटर राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन लखनऊ द्वारा प्रदान की जायेगी।

सदस्य सचिव द्वारा प्रस्तुत एजेण्डा नोट एवं प्रस्तुत अभिलेखो के आधार पर उपरोक्त प्रस्तुत 06 नग डी0पी0आर0 में से कमांक 1, नगला मूसा 2, झलावा एवं असदपुर नागल 3, मुरादग्रामपुर पुर्सी 4, नुसरताबाद खडखडी एवं 5 मीरपुर हिन्दु (पुर्नगठन) पेयजल योजनाओं कुल 05 नग डी0पी0आर0 (06 नग ग्राम) राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ के निर्धारित मानको के अनुरूप होने एवं समस्त 05 नग डी0पी0आर0 की लागत रू0 5.00 करोड से कम होने के कारण जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति, गाजियाबाद द्वारा डी0पी0आर0 की स्वीकृति प्रदान करते हुए तथा कमांक 6 नाहल (पुर्नगठन) पेयजल योजना की डी0पी0आर0 की लागत रू0 5.00 करोड से अधिक होने के कारण उपरोक्त समस्त 06 नग डी0पी0आर0 को स्वीकृति हेतु राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ को प्रेषित करने का निर्णय लिया गया।

अध्यक्ष, जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति, गाजियाबाद द्वारा तत्काल समस्त 06 नग डी0पी0आर (07 नग ग्राम) को राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ को प्रेषित करने के निर्देश दिये गये।

.बैठक धन्यवाद सहित समाप्त हुई।

05/04/2023

अधिशासी अभियंता,
उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), गाजियाबाद
सदस्य सचिव।

05/04/2023

जिला सूचना एंव
जन सम्पर्क अधिकारी, गाजियाबाद
सदस्य।

जिला कृषि अधिकारी,
गाजियाबाद सदस्य।

अधिशासी अभियंता ग्राउड वाटर,
गाजियाबाद सदस्य।

अधिशासी अभियंता सिचांई,
गाजियाबाद सदस्य।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी,
गाजियाबाद सदस्य।

जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी,
गाजियाबाद सदस्य।

प्रभागीय वनाधिकारी
गाजियाबाद सदस्य।

जिला विकास अधिकारी,
गाजियाबाद सदस्य।

मुख्य विकास अधिकारी,
गाजियाबाद, उपाध्यक्ष।

जिलाधिकारी
गाजियाबाद/अध्यक्ष 5/04/23

जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति गाजियाबाद